10वीं एशिया पेसिफिक डेफ गेम्स 2024 मलेशिया में
खेल अकादमी की बेडमिंटन खिलाड़ी कु. गौरांशी शर्मा जीता रजत पदक
खेल मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने दी बधाई

दिनांक 07.12.2024

दिनांक 01 से 08 दिसम्बर 2024 तक 10वीं एशिया पेसिफिक डेफ गेम्स का आयोजन मलेशिया में किया जा रहा है। मलेशिया में आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेल अकादमी की बैडमिंटन डेफ खिलाडी कु. गौराशी शर्मा ने खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुये मिक्सड टीम इवेन्ट में रजत पदक अर्जित किया।

प्रतियोगिता में मिक्सड टीम इवेन्ट में गौरांशी और श्रैया सिंगला का मुकाबला कजाकिस्तान की अल्जान अखमोलोनोवा और अयाजान झुमाबेक से हुआ। 20 मिनिट चले इस मुकाबले में गौरांशी और श्रैया सिंगला की जोडी ने कजाकिस्तान को 21—11, 21—10 के अंतर से परास्त कर रजत पदक भारत को दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 06 सदस्यीय भारतीय टीम ने कजाकिस्तान को 5—0 से हराया।

भारतीय टीम इस प्रकार थी –

1. गौरांशी शर्मा 2. श्रैया सिंगला, 3. दक्षराज सिंह, 4 आदित्य यादव, 5. पीयुष 6. सौम्यदीप चक्रवर्ती ।

10वीं एशिया पेसिफिक डेफ गेम्स मलेशिया की पदक तालिका में भारत 7 स्वर्ण, 16 रजत और 22 सहित 45 पदकों के साथ पांचवे स्थान पर है। कोरिया पहले, ईरान दूसरे और चायना तीसरे स्थान पर है।

उल्लेखनीय है कि आयोजित इस प्रतियोगिता में बैडमिंटन, कराते, कुश्ती, फुटबाल, चैस, जूडो और टेबल टेनिस खेल में 24 देशों के प्रतिभाशाली खिलाड़ी प्रतिभागिता करेंगे।

प्रदेश के खेल मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने गौरांशी के खेल प्रदर्शन की सराहना करते हुये उन्हें अपनी बधाई दी है।

39वीं नेशनल जूनियर एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप 2024 उड़ीसा
खेल अकादमी के एथेलेटिक्स खिलाड़ी विनोद सिंह ने स्वर्ण और सोनम परमार ने जीता रजत
खेल मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने दी बधाई

दिनांक 07.12.2024

दिनांक 07 से 11 दिसम्बर 2024 तक 39वीं नेशनल जूनियर एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप का आयोजन कलिंग स्टेडियम भुवनेश्वर (उडीसा) में किया जा रहा है। भुवनेश्वर (उडीसा) में आयोजित इस प्रतियोगिता में खेल अकादमी के खिलाड़ी विनोद सिंह ने स्वर्ण और कु. सोनम परमार ने रजत पदक अर्जित किये।

भुवनेश्वर (उडीसा) में आयोजित इस प्रतियोगिता में खेल अकादमी के खिलाडी विनोद सिह ने पुरूष वर्ग 10000 मी दौड़ स्पर्धा में 29:43:39 सेकेण्ड का समय तय कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। महाराष्ट्र के खिलाड़ी गौरव घोसले ने 29:43:46 सेकेण्ड का समय लेकर रजत और हरियाणा के खिलाड़ी अरूण ने 29:43:48 सेकेण्ड का समय लेकर कांस्य पदक अर्जित किया।

खेल अकादमी की खिलाडी कु. सोनम परमार ने महिला 5000 मी दौड़ स्पर्धा में 17:25:79 सेकेण्ड का समय तय कर रजत पदक अपने नाम किया। महाराष्ट्र की खिलाड़ी प्राची देवकर ने 17:25:70 सेकेण्ड का समय लेकर रजत और उत्तरप्रदेश की खिलाड़ी नीता रानी ने 17:27:47 सेकेण्ड का समय लेकर कांस्य पदक अर्जित किया।

प्रदेश के खेल मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने दोनो पदक विजेता खिलाड़ियों के खेल प्रदर्शन की सराहना करते हुये उन्हें अपनी बधाई दी है।